बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 29 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 162, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





यातायात शोर हृदय रोग के लिए खतरनाक 14

जैक्स-विराट की बारिश में धुला गुजरात 13



स्थापित वर्ष : 1994
कॉलेज कोड : 201

## गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय

पूरनपुर (पीलीभीत)

प्रवेश प्रारम्भ

(एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली से संबद्धता प्राप्त)



संचालित कोर्स
• बी.ए.
• बी.कॉम.
• एम.ए. (छः विषय)

प्रमुख विशेषताएं :
1. एन.सी.सी. इकाई का संचालन।
2. एन.एस.एस. इकाई का संचालन।
3. महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कराने वाला तहसील का एकमात्र महाविद्यालय।
4. गरीब बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था। 5. छात्रों के कौशल विकास हेतु समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
6. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति देय।
7. बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था (मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग)

डॉ. सुधीर कुमार शर्मा — प्राचार्य
श्री संजय कुमार श्रीवास्तव — उपप्रबंधक/ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक
डॉ. खुशीराम — अध्यक्ष/जिला गन्ना अधिकारी

अधिक जानकारी के लिए नीचे दिये गये नंबरों पर संपर्क करें :-
9410261710, 8755312962, 9410024000, 9411974801, 9870762246, 9412644837, 9758180175, 8218663668, 7536011222, 9368096807, 9411451451, 9045893719
घुंघचिहाई रोड, पूरनपुर (पीलीभीत)



## JAYCEES RIVERDALE INTER COLLEGE

Puranpur, Pilibhit

Recognised by U.P. Government
(English & Hindi Medium)

Admission Open
for N.C. to 12th
in all stream
(Arts, Commerce & Science)

Manager
Dr. Govind Ram Gupta

Treasurer
Amit Gupta

Principal
Anju Mishra



ADMISSION OPEN
SESSION 2024-25
Pre-Nursery to Grade VIII

## THE VERDANT PUBLIC SCHOOL

Based on C.B.S.E. Pattern
Sherpur Road, Puranpur (Pilibhit)





MANAGING DIRECTOR
Mohd. Asad
M.: 7500850648

PRINCIPAL
Devendra Kaur

CHAIRMAN
Mohd. Arshad



## स्वामी एजूकेशनल कॉम्पलैक्स
## स्नातकोत्तर महाविद्यालय

निकट एस.एफ.सी. गोदाम, बण्डा रोड, नरौर, पूरनपुर (पीलीभीत)



सम्बद्धता-एम.जे.पी. रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली

उत्तम शिक्षा का एक मात्र
स्नातकोत्तर महाविद्यालय

भजन सिंह
संरक्षक

डॉ. दलजीत कौर गुरभाग सिंह
अध्यक्ष जिला पंचायत पीलीभीत



ऑनलाइन
प्रवेश प्रारम्भ

Course :-
B.A., B.COM, BSC (PCM & ZBC)
M.A. (English & Home Science)
M.COM. & BTC (D.EL.ED)

एम.एस.सी.
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान
वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान व गणित

एम. ए.
ENGLISH शिक्षा शास्त्र
HOME SCIENCE राजनीति शास्त्र

M.Com
7571912614


कैम्प कार्यालय:- आसाम रोड, घुंघचाई चौराहा, पूनरपुर (पीलीभीत)

सम्पर्क सूत्र:-
8279920620, 8535070364, 9411284888, 7453923053
website: wamieducation.com, E-mail: swamieducm@gmail.com



## SWAMI EDUCATIONAL PUBLIC SCHOOL

Create the best Future for Your Children



ADMISSION
OPEN
N.C. to XII

WHY CHOOSE US
• Highly Qualified Faculty • Full Day Schooling • Practical Facility
• Science/Computer Lab • Monthly Test • Loving & Carring Atmosphere
• Best career guidelines and mock tests for 10 to 12 classes
• Life Skills enhancement programmes
• School curricular and cultural activities

Banda Road
Pranpur
Distt. Pilibhit



Hurry up
Limited Seats
Available

Mob.: 9568516045, 9389506529
swamiedups@gmail.com

## एक नजर

### अभियान में आठ हजार पशुओं का टीकाकरण

**मझोला।** पालतू पशुओं को खुरपका और मुंहपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक करीब आठ हजार पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या पाठक ने बताया कि टीकाकरण कार्य 15 अप्रैल से शुरू हुआ। 31 अप्रैल तक नौ हजार पशुओं के टीकाकरण करने का लक्ष्य है। अब तक आठ हजार पशुओं को टीकाकरण हो है। 31 अप्रैल तक शेष एक हजार पशुओं के टीकाकरण पूरा कर लिया जाएगा।

### रेलवे जंक्शन पर लगा फटा तिरंगा, शिकायत

**पीलीभीत।** रेलवे जंक्शन पर लगा 16 फुट ऊंचा तिरंगा फटने के साथ ही गंदा हो गया है। इसको लेकर रेलवे का कोई भी अफसर संजीदा नहीं है। शहर के रहने वाले अधिवक्ता शिवम कश्यप ने रेलवे के डीआरएम, जीएम, रेल मंत्री, रेल मंत्रालय के आधिकारिक एक्स पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 2 यह कहती है क्षतिग्रस्त अथवा अस्त व्यस्त ध्वज प्रदर्शित नहीं करना चाहिए। इसलिए उसे बदलने की मांग की है।

# 20 फीसदी नालों का निर्माण अधूरा, मानसून आने पर फिर डूबेगा शहर

## नगर पालिका प्रशासन नौ करोड़ की लागत से करा रहा 25 नालों का निर्माण, अधिकांश जगह ठप पड़ा काम, कूड़े से पटा पड़ा शहर का मुख्य नाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मानसून आने में डेढ़ माह बचा है। पालिका प्रशासन नौ करोड़ की लागत से शहर में नालों का निर्माण करा रहा है। इनमें अधिकांश नाले अधूरे पड़े हैं। कई जगह काम ठप पड़ा है। धीमी गति होने से बारिश आने तक नालों का निर्माण कार्य होना मुश्किल है। अगर नाले नहीं बने तो बारिश के दिनों में शहर फिर जलभराव होगा। हालांकि नगर पालिका प्रशासन बरसात से पूर्व नालों का निर्माण पूरा करने का दावा कर रहा है।

शहर में हर साल नाला सफाई पर लाखों रुपये का बजट खपाया जाता है। बावजूद इसके हल्की बारिश में ही शहर की सड़कें झील में तब्दील हो जाती हैं। तेज बारिश होने पर हाईवे से लेकर गली मोहल्ले की सड़कों तक हर तरफ पानी ही पानी दिखाई देता है। इस बार नगर पालिका ने शहर में ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने के लिए कार्ययोजना बनाई है। इसके लिए नगरपालिका की ओर से वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले ही शहर में 25 नए नालों का निर्माण कराने के लिए टेंडर निकले थे। इन नालों के निर्माण में करीब नौ करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ये नाले उन स्थानों पर बनाए जा रहे हैं, जहां जल निकासी की समस्या बनी रहती है। नालों के निर्माण को टेंडर प्रक्रिया नौ मार्च से पहले करने के साथ वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए थे।

ताकि मानसून आने से पहले काम शुरु हो सके। मगर वर्क ऑर्डर मिलने के बाद भी अधिकतर नालों पर काम शुरू नहीं हुआ है। आलम यह है कि नगर पालिका के ठेकेदारों ने नाले के लिए सड़क पर खुदाई करने के बाद इन्हें ऐसे ही छोड़ दिया है। कई घरों के आगे कई फिट गहरी खुदाई होने से आवाजाही में दिक्कत हो रही है। सड़कों पर मिट्टी और निर्माण सामग्री के ढेर लगा दिए गए हैं।

छतरी चौराहा के पास चल रहे नाला निर्माण कार्य में कुछ श्रमिक लगे हैं, लेकिन काम की चाल काफी धीमी है। कामकाज के लिए घरों से निकलना मुश्किल है। रात के वक्त रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हे। ऐसे में मिट्टी के ढेर और खोदी गई सड़कों से हादसे का डर बना रहता है। वहीं, कई स्थानों पर नाला निर्माण का काम शुरू ही नहीं हुआ है। मां यशवंतरी देवी मंदिर रोड पर नाले की खुदाई करके छोड़ दिया गया है। जबकि मानसून आने में सिर्फ 48 दिन शेष हैं। मगर नाला निर्माण का काम 20 फीसदी भी पूरा नहीं हो सका है।



शहर के यशवंतरी देवी मंदिर के पास ठप पड़ा नाले का निर्माण कार्य। ● अमृत विचार


मोहल्ला तुलाराम बजरिया में बन रहे नाले में लगाई जा रही घटिया सामग्री।


गंदगी से पटा पड़ा शहर का मुख्य नाला।

> नालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 60 फीसदी काम पूरा होने की कगार पर है। कुछ स्थानों पर काम शुरु होने में समस्या आ रही है। इसको लेकर संबंधित फर्म को काम चालू करने के निर्देश दिए गए हैं। मानसून आने से पहले सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अगर कहीं घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है तो तकनीकी विभाग से सामग्री की गुणवत्ता चेक कराकर कार्रवाई की जाएगी। – **लाल चंद भारती**, ईओ नगरपालिका

### अभी तक नालों की शुरू नहीं हुई सफाई

अभी तक शहर के नालों की सफाई नगर पालिका की ओर से शुरू नहीं कराई गई है। शहर का काला मंदिर, दूधिया नाथ मंदिर, भूरे खां, पंजाबियान समेत विभिन्न इलाकों के नाले चोक हैं। जिनकी सफाई तक नहीं कराई जा रही है। यह हाल तब है जब नगर पालिका नालों की सफाई अपने स्तर से करा रही है, जो मानसून में नगरपालिका के लिए मुसीबत बनेगी।

### नाला निर्माण में उपयोग की जा रही घटिया सामग्री

शहर के मोहल्ला तुलाराम बजरिया से निकलने वाले नाले के निर्माण का टेंडर शाहजहांपुर की एक फर्म को दिया गया है। मगर फर्म के ठेकेदार द्वारा निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद भी नगरपालिका की ओर से निर्माण कार्य का निरीक्षण तक नहीं किया गया। यहां नाला निर्माण लोगों के लिए मुसीबत बन सकता है। तेज बारिश होने पर घटिया सामग्री पानी के साथ बहाव में बह जाएगी।

# किसानों को प्रशिक्षण देने से होगा उद्योगों में सुधार

संवाददाता, पूरनपुर

- गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव


संगोष्ठी के दौरान अपने विचार रखते विशेषज्ञ।


पूरनपुर में आयोजित संगोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गन्ना कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में चीनी उद्योग एवं गन्ना किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने चीनी मिल एवं किसानों की प्रगति के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। अपर गन्ना आयुक्त ने ऑनलाइन वीडियो के जरिए चीनी उद्योग की चुनौतियां और उनके निराकरण के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने कहा कि चीनी उद्योग में सुधार के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं को सम्मानित किया गया।

गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को प्रदेश में चीनी उद्योगों की वर्तमान स्थिति, चुनौतियां और उनके निराकरण को लेकर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े विशिष्ट अतिथि अपर गन्ना आयुक्त डॉ. बीवी सिंह ने चीनी उद्योग की चुनौतियां एवं निराकरण पर वार्ता की। गन्ना संस्थान लखनऊ के विशेषज्ञ अरुण कुमार ने चीनी उद्योग की बारीकियां को एक कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में एसडीएम राजेश शुक्ला ने कहा कि गन्ना कृषक स्नातकोत्तर में इस तरह की संगोष्ठी होना आवश्यक है। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय से आए अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आशुतोष ने बताया कि चीनी उद्योग को सुधारने से पूर्व गन्ना किसानों की स्थिति को समझना और उनमें सुधार करना आवश्यक है। किसानों की स्थिति में सुधार के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिलाया जाए। नई तकनीक के प्रयोग से उपज बढ़ेगी। विवेकानंद पीजी कॉलेज बिजनौर से आईं डॉ. रजिया शकील ने गन्ना प्रजातियों की बुवाई पर जोर दिए जाने की आवश्यकता बताई। राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर के शोधार्थी कुणाल सक्सेना ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से चीनी मिल की स्थिति व उसके सुधार का ग्राफिक्स के माध्यम से वर्णन किया। उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के प्राचार्य प्रोफेसर दुष्यंत कुमार ने चीनी उद्योग की वर्तमान स्थिति पर गहनता से विचार किया। बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एडीएन बाजपेई ने भी अपने विचार रखे। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय गन्ना किसानों की कटौती से निर्मित एवं पोषित है।

किसानों की समस्याओं के लिए शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों के चिंतन आवश्यक है, जिससे क्षेत्र का किसान संपन्न हो सके। संगोष्ठी के बाद 12वीं के 20 मेधावियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. सौरभ सक्सेना, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. अर्निका दीक्षित, अरविंद दीक्षित, रेखा सिंह, डॉ. मधुर मिश्रा, डॉ. वीके शर्मा डॉ. विनोद कुमार सिंह, कुमारी शोभना मिश्रा, शाहिद खान, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गायत्री परिवार ने महायज्ञ में दीं आहुतियां

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गांव टिकरी माफी में चल रहा पांच दिवसीय कार्यक्रम महायज्ञ पूर्ण आहुतियां देने के साथ रविवार को समाप्त हो गया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने गुरुवार को 10 गांवों में साइकिल यात्रा निकाली गई थी। गत 26 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई थी। शनिवार को गायत्री महायज्ञ आरंभ हुआ था।

रविवार को पांचवें दिन गायत्री महायज्ञ में लोगों ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां दीं। इसी के साथ गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इसके बाद दीक्षा संस्कार और विद्या आरंभ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें वेदपाल कश्यप, बुद्धसेन गंगवार, नरेश चंद्र गंगवार, सुरेश चंद्र गंगवार, प्रदीप गंगवार, मुन्नी देवी गंगवार, नेहा शर्मा, धर्मावती, गंगादेई, व शिव कुमारी शर्मा आदि ने भाग लिया।

# मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू पहले दिन उमड़ी यात्रियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पूर्णागिरि धाम जाने वाले यात्रियों ने ली राहत की सांस
- पीलीभीत जंक्शन से रोजाना शाम 4.10 बजे टनकपुर जाएगी ट्रेन

**अमृत विचार:** टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल ट्रेन का रविवार से संचालन शुरू हो गया। पहले दिन ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ रही। मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू होने से पूर्णागिरि धाम जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। मेला स्पेशल ट्रेन पीलीभीत जंक्शन से रोजाना शाम 4.10 बजे टनकपुर के लिए रवाना होगी। जबकि, वापसी में यही ट्रेन टनकपुर से चलकर रात्रि 10.55 बजे पीलीभीत आएगी।

टनकपुर के चंपावत स्थित मां पूर्णागिरि धाम में होली के बाद मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में जनपद के अलावा देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पहुंचते हैं। मां पूर्णागिरि धाम जाने वाले अधिकांश तीर्थयात्री पीलीभीत होकर गुजरते हैं। रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रविवार 28 अप्रैल से टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया है। इसकी जानकारी होने पर पहले से ही यात्रियों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर जुटना शुरू हो गई। मेला स्पेशल ट्रेन बरेली से चलकर पीलीभीत जंक्शन पर शाम करीब 4.15 बजे पहुंची। स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही यात्रियों की भीड़ चढ़ना शुरू हो गई। करीब पांच मिनट ठहरने के बाद मेला स्पेशल ट्रेन टनकपुर के लिए रवाना हो गई। वापसी में यह ट्रेन टनकपुर से रात्रि 9.30 बजे पर रवाना होकर रात्रि 10.55 बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंचेगी।

### आज से पीलीभीत होकर गुजरेगी वाराणसी समर स्पेशल

रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पीलीभीत होकर चार समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इनमें टनकपुर–दौराई, लालकुआं–हावड़ा और रामनगर–लखनऊ समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो चुका है। इधर, लालकुआं–वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन का संचालन सोमवार 29 अप्रैल से होगा। इस ट्रेन का संचालन प्रत्येक सोमवार को एवं वापसी में प्रत्येक मंगलवार को किया जाएगा। यह ट्रेन लालकुआं से शाम तीन बजे रवाना होकर किच्छा, इज्जतनगर, भोजीपुरा होते हुए पीलीभीत पहुंचेगी। यहां से यह ट्रेन शाम 6.10 बजे रवाना होकर पूरनपुर, मैलानी, लखीमपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर होते हुए अगले दिन सुबह 10.00 बजे वाराणसी सिटी पर पहुंचेगी।

# दो दिवसीय श्रीमद महायज्ञ शुरू पहले दिन निकली कलश यात्रा


कलश यात्रा निकलतीं महिलाएं और साथ में चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल व अन्य।

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में दो दिवसीय श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ रविवार को प्रारंभ हुआ। इससे पहले चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल व उनकी पत्नी ने कलशयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया।

कस्बे में स्थित सिद्ध बाबा की मढ़ी से रविवार को कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर में स्थित सिद्ध बाबा स्थान से शुरू होकर हरिजन बस्ती होते हुए मोहल्ला ठाकुरद्वारा होते हुए गांधी आश्रम के सामने पीलीभीत-बीसलपुर रोड पहुंची। इसके बाद पुरानी बाजार एवं कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई सिद्ध बाबा स्थान लौटकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण किए हुए अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। कार्यक्रम को शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा संपन्न कराया गया। चेयरमैन

ने बताया कि सोमवार सुबह 7 से 10 बजे तक महायज्ञ एवं शाम को 7 से 10 बजे तक भागवत कथा एवं दीप यज्ञ का आयोजन होगा। 30 अप्रैल को गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# आर्य कन्या इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राएं सम्मानित

**पीलीभीत, अमृत विचार :** आर्य कन्या इंटर कॉलेज की 95.16 प्रतिशत हाईस्कूल और 94.44 प्रतिशत इंटर में छात्राओं ने मारी बाजी। हाईस्कूल में छात्रा सिदरा परवीन 88:5 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, तुलसी अग्रवाल 87:66 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय, लक्ष्मी 83:83 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में कॉलेज की कुल 130 छात्राओं में छह ने परीक्षा छोड़ दी। इंटर में छात्रा मुस्कान ने 56:2 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, तुलसी अग्रवाल 78 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय और मोहिनी कश्यप ने 77:06 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रही। इंटर में कॉलेज की सभी 72 छात्राओं ने परीक्षा दी। इस अवसर पर कॉलेज की मेधावी छात्राओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रबंध कमेटी के पदाधिकारी मनमोहन सक्सेना, नरेन्द्र मोहन सक्सेना, तेज नरायन सक्सेना, वासुदेव गंगवार, करुणा शंकर सक्सेना, अनिल कमल, विनोद, राम औतार कंसल, माखनलाल, रामसिंह, प्रधानाचार्या सुमन देवी मौजूद रहे।

# डॉ. आंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई

संवाददाता, पूरनपुर



डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को नगर के एक बारात घर में अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी, कर्मचारी कल्याण परिषद और भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार गौतम, सेहरामऊ चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज चौधरी और डॉ. शैलेश रहे। अध्यक्षता परिषद के संरक्षक कल्याण सिंह सरोज व अध्यक्षता संतोष कुमार पासवान ने की। कार्यक्रम में शिक्षक किशन लाल ने बुद्ध वंदना कर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला।

प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री विमल कुमार ने बाबा साहब के दिए गए मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। जिससे आपके समाज को जो अधिकार संविधान में निहित हैं वो मिल सकें। कार्यक्रम में वक्ता डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. नीरज, ओम शर्मा, संतोष कुमार पासवान, अश्वनी कुमार आदि ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। 19 नवंबर को पब्लिक इंटर कॉलेज में डॉ. अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें सीनियर वर्ग के 208 और जूनियर वर्ग के 198 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। इन छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक पुत्र राजमणि पासवान, सुमनलता, राजेश गौतम, वेदप्रकाश सागर, मनोज कुमार पासवान, लालाराम, मालती गौतम, प्रेमशंकर भारती, विमल कुमार, सुनील सक्सेना, उमाकांती, शिवानी, सुरेशचन्द्र, रामबाबू, सुदामा देवी मौजूद रहे।

# विदेश भेजने के नाम पर 90 हजार रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पीलीभीत

- रकम मांगने पर आरोपी ने की मारपीट, जान से मारने की धमकी दी

**अमृत विचार :** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम एक युवक से लाखों रुपये की ठगी कर ली गई। रकम मांगने पर युवक से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव परेवा वैश्य निवासी बब्बू पुत्र मोहम्मद यामीन ने पुलिस को बताया कि बरेली जिले के कस्बा बहेड़ी निवासी आरिफ से उसका परिचय था। आरिफ ने उसे विदेश में नौकरी लगवाने का लालच देकर 90 हजार रुपये मांगे। उसने आरोपी के भाई अरशद के खाते में रुपये ट्रांसफर करा दिए। काफी दिन बीत जाने के बाद भी उसे विदेश नहीं भेजा गया तो उसने रुपये लौटाने को कहा। इस पर वह टालमटोल करने लगा। जब वह उसके घर पर गया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। 24 मार्च को उसने 1076 पर फोन कर मामले की शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जानकारी होने पर आरोपी ने उसके और उसकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। युवक ने मामले की शिकायत जहानाबाद पुलिस से की। इस पर पुलिस ने युवक की तहरीर के आधार पर आरिफ व उसके भाई अरशद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है । इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# टूटी पुलिया पर नहीं दिया ध्यान, साबित तुड़वाकर करा रहे निर्माण

संवाददाता, बिलसंडा


ईटगांव रजवाहा की टूटी पुलिया पर लकड़ी की पटरी से गुजरता बाइक सवार।


बिलसंडा की करेली माइनर पर निर्माणाधीन पुलिया। ● अमृत विचार

- ढाई साल से टूटी पड़ी है ईटगांव रजवाहा की पुलिया
- जान जोखिम में डालकर लकड़ी की पटरी से गुजर रहे ग्रामीण

**अमृत विचार:** ढाई साल से गांव मुड़िया भगवंत के समीप से गुजरी ईटगांव रजवाहा की टूटी पुलिया के निर्माण को लेकर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। जबकि करेली माइनर समेत कई स्थानों पर बनी पुलियों को ध्वस्त करके वहां दोबारा निर्माण कराया जा रहा है। मुड़िया भगवंत के पास की पुलिया टूटी होने से ग्रामीणों को पांच किमी का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इस पुलिया के निर्माण को लेकर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों तक से गुहार लगा चुके हैं।

शारदा सागर खंड से निकली निगोही रजवाहा की शाखा ईंटगांव रजवाहा के गांव मुड़िया भगवंतपुर के पास बनी पुलिया पिछले ढाई साल से टूटी पड़ी है। इसकी वजह से ग्रामीणों को पांच किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर मकरंदापुर चौराहे आना पड़ रहा है। पुलिया टूटी होने की वजह से इस मार्ग पर स्थित गांव जमुनिया महुआ के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों को कई किमी दूरी तय करके गंतव्य तक पहुंचाना पड़ता है। वहीं, दियोरिया कलां कोतवाली एवं मधवापुर बाजार जाने के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने दुपहिया वाहन निकालने के लिए बिजली के टूटे खंभे और लकड़ी की पटरी डालकर रास्ता बना रखा है। जान जोखिम में डालकर बाइक सवार इन्हीं टूटे खंभों के सहारे नहर से गुजरते हैं। टूटे खंभों से गुजरने के दौरान कई लोग बाइक समेत नहर में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पैदल गुजरने में तो ज्यादा कठिनाई नहीं होती, लेकिन नहर के दूसरी ओर स्थित खेतों पर ट्रैक्टर व अन्य कृषि उपकरण ले जाने में खासी दिक्कत होती है। गेहूं का सीजन होने किसानों को खेतों में पड़ी नरई का भूसा बनाने के लिए हर रोज ट्रैक्टर व रीपर ले जाना पड़ता है। ग्रामीण सब जगह इसकी शिकायत कर चुके हैं। सिंचाई विभाग टूटी पुलिया को छोड़कर निगोही ब्रांच की नहर से गांव रौतापुर के पास से करेली माइनर के आसपास दर्जनभर से अधिक पुलियों को ध्वस्त कर निर्माण कराया जा रहा है।

# व्यापारियों ने एक्सईएन का पुतला फूंका

संवाददाता, पूरनपुर


बिजली उपकेंद्र में एक्सईन का पुतला फूंकते व्यापारी। ● अमृत विचार

- मीटर बदलने के नाम पर रुपये मांगने का आरोप

**अमृत विचार :** मीटर बदलने के नाम पर रुपये मांगने को लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने रविवार को एक्सईएन का पुतला फूंका। उनका आरोप है एक्सईएन अपने चहेते ठेकेदार व कर्मचारियों से काम कराते हैं। कोई समस्या होने पर उपभोक्ता से उपकेंद्र के चक्कर लगवाते हैं।

रविवार को व्यापारी नेता विजय पाल सिंह उर्फ विक्की व्यापारियों के साथ बिजली उपकेंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए एक्सईएन का पुतला फूंका। उन्होंने आरोप लगाया कि पॉवर कारपोरेशन के अधिकारियों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान है। व्यापारी गोपाल गुप्ता का मीटर फुंकने के बाद उसे नहीं बदलवाया गया। मीटर बदलने के नाम पर व्यापारी से आठ हजार रुपयों की मांग की गई। जबकि मीटर बदलने के लिए केवल 3500 की रसीद काटी जाती है। उनका आरोप है कि एक्सईएन के कहने पर कर्मचारी उपभोक्ताओं से मनमानी उगाही कर रहे हैं। एक्सईएन ने सही काम करने वाले कर्मचारियों को निकाल दिया और अपने चेहतों से काम करा रहा हैं। उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। महीने की निर्धारित तिथि को बिल नहीं दिया जाता है। एक सप्ताह बाद पहुंचने वाले बिल में अतिरिक्त चार्ज लगा दिया जाता है। मिलीभगत के चलते बड़े बकायेदारों से बिल नहीं वसूला जाता।

इस दौरान राजकुमार, रजा खान, आशिफ अंसारी, इमरान हुसैन, रिहान हुसैन, लियाकत हुसैन, मदान, सुरेश, राहुल, सुनील आदि रहे।




# शौच को गए युवक पर तेंदुआ का हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान

## वन विभाग की टीम और पुलिस के आधे घंटे तक न पहुंचने पर गुस्साए ग्रामीणों ने टनकपुर हाईवे किया जाम, जमकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गन्ने के खेत में शौच को एक युवक पर एकतेंदुए ने हमला कर दिया। उसकी चीखें सुनकर पहुंचे ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ को भगाया, जिससे युवक की जान बच गई। युवक को बचाने में पंजे लगने से उसका भतीजा भी घायल हो गया। इसकी सूचना देने के बावजूद पुलिस और वन विभाग की टीम आधे घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची। इस पर गुस्साए ग्रामीणों ने टनकपुर हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा किया। इस दौरान पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। कहीं तब जाकर 20 मिनट बाद जाम खुल सका।

यह घटना रविवार सुबह करीब आठ बजे शहर से सटे पुरानी पीलीभीत गांव में हुई। यहां निवासी रामऔतार (40) सुबह शौच को जाने के लिए अपने घर से निकले। वह घर से करीब 20 मीटर दूर गन्ने के खेत में पहुंचे होंगे। तभी उन पर एक तेंदुआ ने हमला कर दिया। इससे घबराए रामऔतार ने जोर से चीखना शुरू कर दिया। तेंदुआ के हमले की जानकारी होने पर गांव में खलबली मच गई। तमाम ग्रामीण हाथों में लाठी-डंडे लेकर खेत की ओर दौड़ पड़े। इस बीच रामऔतार का भतीजा बादशाह दौड़कर मौके पर जा पहुंचा। ग्रामीणों ने शोर-शराबा करके बमुश्किल रामऔतार को तेंदुा के चंगुल से छुड़ाया। तेंदुए का पंजा सिर में लगने से रामऔतार लहूलुहान हो गए। बताते है कि रामऔतार को बचाने में उनके भतीजे बादशाह को मामूली खरोंचें आईं।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन वन विभाग और पुलिस को दी। मगर करीब आधे घंटे तक पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस पर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर टनकपुर हाईवे पर जाकर जाम लगा दिया और वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों के जाम लगाने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना था कि तेंदुआ पिछले दो माह से गांव के आसपास घूम रहा है। कई पालतू कुत्तों का अपना निवाला बना चुका है। जानकारी देने के बाद भी वन विभाग अभी तक तेंदुआ को नहीं पकड़ सका है। ग्रामीण तेंदुआ को पकड़ने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने ग्रामीणों को जैसे-तैसे समझाकर शांत किया। इस पर करीब 20 मिनट बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। घायल रामऔतार को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उपचार के बाद ग्रामीण को घर भेज दिया गया।


तेंदुआ के हमले के बाद टनकपुर हाईवे पर जाम लगाते ग्रामीण। ● अमृत विचार


घटना की जानकारी देते ग्रामीण।


तेंदुए के हमले में घायल ग्रामीण।

- पुलिस ने बमुश्किल खुलवाया जाम, आक्रोशित ग्रामीणों ने की तेंदुआ पकड़वाने की मांग
- शहर से सटे पुरानी पीलीभीत में रविवार सुबह आठ बजे हुई घटना हमले में चाचा-भतीजा घायल

### बंद ईंट भट्ठा के नजदीक पल रहा तेंदुआ का कुनबा

शहर से सटे गांव पुरानी पीलीभीत के बंद पड़े ईंट भट्ठा के निकट तेंदुआ का कुनबा पल रहा है। बताते हैं कि पिछले करीब डेढ़ माह से मादा तेंदुआ अपने दो बच्चों के साथ ईंट भट्ठा के आसपास दिखाई दे रही है। अप्रैल के शुरु में तेंदुआ ईंट भट्ठा की दीवार पर बैठे देखा बया था। तब बच्चों के साथ घूम रही मादा तेंदुआ का वीडियो और फोटो वायरल हुए थे। उस दौरान सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पगमार्क ट्रेस कर तेंदुआ होने की पुष्टि की थी। जिस स्थान पर तेंदुआ की चहलकदमी देखी गई थी। उस स्थान से करीब में डेढ़ किमी दूरी पर प्रधानमंत्री के लिए हेलीपैड बनाया गया था। नौ अप्रैल को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सामाजिक वानिकी की ओर से तेंदुआ की विशेष निगरानी के लिए टीम लगाई गई थी। ईंट-भट्ठा पर पिंजड़ा भी रखा गया था। सामाजिक वानिकी का दावा है कि नौ अप्रैल के बाद से लगातार तेंदुआ की निगरानी की जा रही है।

"पुरानी पीलीभीत गांव में एक ग्रामीण पर तेंदुआ के हमले की सूचना मिलने पर टीम को मौके पर भेजा गया था। टीम को तेंदुआ की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि तेंदुआ की पहले ही टीम लगातार निगरानी कर रही है। उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

– शेर सिंह, डिप्टी रेंजर, सामाजिक वानिकी प्रभाग

## घर के अंदर खेल रही बच्ची पर आवारा कुत्ते ने किया हमला, घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** आवारा कुत्ते खूंखार हो गए हैं। इससे आवारा कुत्ते लोगों पर हमला कर देते हैं। रविवार को घर के अंदर खेल रही तीन साल की बच्ची पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया। उसकी चीख सुनकर दौड़े परिवार वालों ले बमुश्किल बच्ची को कुत्ते से छुड़ाया। परिजन घायल अवस्था में बच्ची को जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है।

जहानाबाद के ग्राम सरोरी निवासी टीकाराम की तीन वर्षीय पुत्री राधिका रविवार सुबह लगभग आठ बजे घर में खेल रही थी। तभी अचानक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। पिता टीकाराम ने बताया कि बच्ची को बचाने का प्रयास किया तो आवारा कुत्ता बालिका की मां पर हमलावर हो गया। परिवार के अन्य लोगों ने कुत्ते से बच्ची को छुड़ाया। परिवार वाले घायल बच्ची को फौरन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बच्ची के मुंह और हाथ पर जख्म है। ग्रामीणों के मुताबिक इससे पहले भी आवारा कुत्ते कई लोगों पर हमला कर चुके हैं।

## युवती को ले जाने पर रिपोर्ट

**अमरिया।** जिला बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव गरीब पुरा निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप है। अमरिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 अप्रैल को उसकी पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई, जिसकी उम्र 23 वर्ष है। उसे जिला बरेली के बहेड़ी क्षेत्र के गांव गरीब पुरा निवासी एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। थाना प्रभारी बृजबीर सिंह ने बताया कि युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# महोफ रेंज में आपसी संघर्ष में घायल हुआ था बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जख्मी बाघ की हालत में इलाज के बाद सुधार, लखनऊ से जल्द हो सकती है वापसी

**अमृत विचार:** महोफ रेंज के समीप से रेस्क्यू कर लखनऊ चिड़ियाघर भेजे गए जख्मी बाघ की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। वन अफसर बाघ के आपसी संघर्ष में घायल होने की संभावना जता रहे हैं। पीटीआर के अफसरों को बाघ के जल्द स्वस्थ होकर लखनऊ से लौटने की उम्मीद है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में करीब पखवाड़ा भर पूर्व एक बाघ के लंगड़ाकर चलते देखा गया था। 21 अप्रैल को बाघ कलीनगर क्षेत्र में महोफ रेंज से सटे गांव मल्लपुर के समीप देखा गया था। सूचना मिलने पर डिप्टी डायरेक्टर रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शाम तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव के निर्देश के बाद बाघ इलाज के लिए लखनऊ चिड़ियाघर भेज दिया गया। वन अफसरों के मुताबिक बाघ की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। बाघ के दांये पैर में हुआ घाव भी लगभग भर चुका है। अब पैर में मात्र सूजन बची है। वन अफसरों के मुताबिक आपसी संघर्ष के दौरान बाघ के पंजे में चोट लगी होगी। पंजों के बीच में चोट लगने की वजह से घाव बन गया। अमूमन बाघ अपने जख्मों को जीभ से चाटकर सही कर लेते हैं। ऐसे में पंजों के बीच लगी चोट तक बाघ की जीभ नहीं पहुंच सकी होगी, जिससे चोट धीरे-धीरे घाव में तब्दील हो गई। इसी वजह से बाघ लंगड़ाकर चल रहा था।

"रेस्क्यू कर लखनऊ प्राणि उद्यान भेजे गए बाघ की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। अभी पैर में सूजन बाकी है। उम्मीद है कि स्वस्थ होने के बाद बाघ को पुन: पीटी आर वापस भेजा जाएगा।

– मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# अफसरों के लिए सारी सुविधाएं, जनता को पानी तक की सुविधा नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गर्मी में पानी के लिए भटकते हैं फरियादी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**अमृत विचार :** इन दिनों तराई में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। अपनी समस्याओं को लेकर सरकारी कार्यालयों में पहुंचने वालों को इन दिनों पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। विकास भवन और नगर पालिका कार्यालय से लेकर लगभग सभी सरकारी कार्यालयों में पीने के पानी की दिक्कत है। इससे यहां पहुंचने वाले लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटक पड़ता है। जबकि अधिकारी सभी सुविधाएं भोग रहे हैं।


जिले के अधिकांश अधिकारियों के कार्यालयों में लगभग सभी सुविधाएं हैं। मगर वहां पहुंचने वाले फरियादियों के लिए कोई सुविध नहीं है। यहां तक कि फरियादियों को पानी के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ता है। अमृत विचार की टीम ने शनिवार को सरकारी कार्यालयों की पड़ताल की तो विकास भवन, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन, नगरपालिका, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, मंडी समिति समेत तमाम सरकारी कार्यालयों में ठंडे पानी की कोई सुविधा नहीं दिखी। पीने के पानी के लिए लोग भटकते देखे गए। कहीं वाटर कूलर में टोंटी नहीं मिली तो कहीं मोटर खराब थी। यहां कार्यालयों में प्रति दिन लगभग 500 से अधिक लोग जरूरी काम से आते हैं।

### विकास भवन में पीने के पानी का इंतजाम नहीं



विकास भवन में प्रतिदिन सैकड़ों फरियादी पहुंचते हैं। विकास भवन में भूतल पर सीडीओ का कार्यालय, जिला पंचायती राज विभाग, जिला विकलांग कार्यालय, प्रथम तल पर समाज कल्याण विभाग, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और तृतीय मंजिल समेत करीब 28 कार्यालय संचालित हैं। अफसरों के लिए पीने के पानी की पूरी व्यवस्था है। मगर फरियादियों के लिए यहां पानी का कोई इंतजाम नहीं है। कहने को ठंडे पानी की मशीनें लगी हैं, लेकिन दोनों खराब पड़ी हैं। इससे कर्मचारियों को भी पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है।

### नगर पालिका में कई माह से खराब है वाटर कूलर



नगरपालिका में कुछ साल पहले वाटर कूलर लगाया गया था, जो देखरेख के अभाव में कंडम हो गया। नगर निकाय चुनाव के दौरान उसे ठीक कराया गया था, लेकिन दोबारा खराब हो गया। वाटर कूलर खराब होने से यहां काम करने वाले कर्मचारियों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस कार्यालय में अलग-अलग विंग में 50 से अधिक कर्मचारी हैं। मगर इन कर्मचारियों के लिए पीने के पानी की सुविधा नहीं है। पीने के पानी के नाम पर सिर्फ एक वाटर कूलर मंगाया जाता है, जो पूरे दिन नहीं चल पाता है।

### पुलिस लाइन में लगा हैंडपंप पड़ा खराब



पुलिस लाइन में एसपी समेत कई अफसर बैठकर फरियाद सुनते हैं। जहां प्रतिदिन 100 से 250 लोग प्रार्थना पत्र देकर पहुंचते हैं। मगर इस प्रचंड गर्मी में पुलिस लाइन में फरियादियों के लिए पानी की कोई सुविधा नहीं है। ठंडा पानी मिलना तो दूर की बात यहां लगा सरकारी हैंडपंप भी खराब पड़ा है।

### आयुर्वेदिक कॉलेज के पास लगा वाटर कूलर खराब



आयुर्वेदिक कॉलेज के पास करीब दो साल पहले एक वाटर कूलर लगाया गया था। यहां प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना होता है। यहां लगा वाटर कूलर एक साल से खराब पड़ा है। नगरपालिका की ओर से कई बार निरीक्षण किया जा चुका है। मगर अभी तक वाटर कूलर ठीक नहीं कराया गया।

### क्या कहते हैं फरियादी



आयुर्वेदिक कॉलेज चौराहा पर लगा वाटर कूलर लंबे अरसे से खराब पड़ा है। इससे तहसील आने वाले फरियादियों को पीने के पानी की किल्लत झेलने पड़ रही है। यहां के दुकानदारों को भी वाटर कूलर मांगना पड़ता है। शिकायत करने पर नगर पालिका वाले फोटो खींचकर ले जाते हैं। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ।

– अनिल कुमार सक्सेना



सरकारी दफ्तरों में पीने के पानी की व्यवस्था ठीक नहीं है। अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगरपालिका व अन्य सरकारी कार्यालयों में पानी की कोई सुविधा नहीं है। सर्दी में तो कोई परेशानी नहीं होती है। मगर गर्मी में फरियादियों का गला सूखने पर पानी नहीं मिल पाता है।

– जय गंगवार

# धूप तेज होने पर पारा चढ़ा तो खाली होने लगे पीटीआर के वॉटरहोल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- टैंकरों से वॉटरहोल में भरा जा रहा पानी, निगरानी के लिए वन कर्मियों को लगाया
- 73 हजार हेक्टेयर के पीटीआर में वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए हैं 45 से अधिक वॉटरहोल

**अमृत विचार:** तपती गर्मी में पारा 39 डिग्री के पार पहुंचने से वन्य जीवों का बुरा हाल है। हजारों हेक्टेयर में फैले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पीटीआर प्रशासन ने टैंकरों से वॉटरहोल में पानी भरना शुरू कर दिया है। ताकि पानी की तलाश में वन्यजीव जंगल से बाहर न निकलें। इधर, डिप्टी डायरेक्टर ने पीटीआर के महोफ रेंज में वॉटर होल का जायजा लिया और पानी की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला है। वैसे तो जैव विविधता से भरपूर इस संरक्षित जंगल में तमाम नदी-नाले और वेटलैंड हैं। मगर, गर्मी के सीजन को देखते हुए वन अफसरों को वन्यजीवों के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराने की चिंता सताने लगी हैं। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व की पांचों रेंज में 45 से अधिक वॉटर होल हैं। इसमें करीब 31 वॉटरहोल ऐसे हैं, जिनमें सोलर पंप के माध्यम से पानी भरा जाता है। शेष में प्राकृतिक जलस्रोत है। इन सभी में पानी की मात्रा कम होने पर टैंकरों के माध्यम से पानी भरा जाता है। बीते मानसून सीजन में पर्याप्त वर्षा होने से अधिकांश वॉटरहोल में अभी पानी उपलब्धता है, लेकिन आने वाले दिनों में यदि समय से बारिश नहीं हुई तो वन्यजीवों को पानी मिलना मुश्किल हो जाएगा। इधर, टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने संबंधित रेंज अधिकारियों से वॉटरहोल से संबंधित जानकारी मांगी है। उन्होंने स्वयं जंगल क्षेत्र में बने वॉटरहोल का जायजा लेना शुरू कर दिया है।

### ई-सर्विलांस के जरिए की जा रही निगरानी

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बने वॉटर होल की ई-सर्विलांस के जरिए निगरानी की जा रही है। साथ ही वन कर्मियों को भी वॉटरहोल की निगरानी के लिए लगाया गया है।

"पीटीआर में पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इसके बावजूद टाइगर रिजर्व के सभी वॉटरहोल में पानी की उपलब्धता पर नजर रखी जा रही है। जिन वॉटरहोल में सोलर पंप से पानी भरने की व्यवस्था नहीं है, उनमें टैंकरों से पानी भरने को निर्देशित किया गया है। – **मनीष सिंह,** डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# पत्नी को मायके भेज पति ने रचाई दूसरी शादी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर

- एसपी के आदेश पर पति समेत चार लोगों पर एफआईआर

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बेटे का जन्म होने पर उसे मायके भेज दिया। इसके बाद पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। इस मामले में एसपी के आदेश पर विवाहिता के पति समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली निवासी कृष्ण वीर की बेटी रिशु कश्यप ने एसपी को बताया कि उसकी शादी 28 जून 2020 को जनपद सीतापुर के मोहल्ला नारायण नगर हेमपुरवा निवासी अवनीश कुमार निषाद के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। इसको लेकर उन्होंने विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये की डिमांड करने लगे। मायके वाले उनकी मांग पूरी नहीं कर सके तो ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटना शुरू कर दिया। उसे जिंदा जलाने का प्रयास भी किया गया। 22 नवंबर 2023 को उसने बेटे को जन्म दिया। इस पर ससुराल वालों ने उसे मायके भेज दिया।

इसके बाद उसके पति ने सीतापुर की एक महिला से दूसरी शादी कर ली। एसपी के आदेश पर पुलिस ने विवाहिता के पति अवनीश कुमार निषाद, रामादेवी, सोनी, मोनी, कीर्ति और अनुज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# बिलसंडा से लापता ग्रामीण का शव लखीमपुर में मिला

**बिलसंडा, अमृत विचार:** पीलीभीत के बिलसंडा से लापता ग्रामीण का शव लखीमपुर के पसगवां क्षेत्र में शारदा नहर में मिला है। वह पांच दिन से लापता था।

बिलसंडा थाना में उसकी गुमशुदगी दर्ज है। दिनेश कुमार सक्सेना (50) थाना बिलसंडा के ग्राम ईटगांव का निवासी था। भाई नरेश कुमार ने बताया कि दिनेश 23 अप्रैल को लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद कुछ पता नहीं चला तो 24 अप्रैल को पुलिस को सूचना दी गई। तभी से परिवार वाले लगातार उसकी तलाश करते रहे थे। रविवार को दिनेश का शव लखीमपुर खीरी के पसगवां थाना क्षेत्र में नगरा मछेछा के पास शारदा नहर से बरामद हुआ है। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों ने जाकर शव की शिनाख्त की। मृतक के घर में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं।

## सार-संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, जिला अस्पताल रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर के मोहल्ला ऊंचीभूड निवासी सुनील श्रीवास्तव (42) पुत्र चंद्रिका प्रसाद, कोतवाली क्षेत्र के वनभल्लियां गांव निवासी मीना देवी (22) पुत्री रामकृपाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत में सुधार न होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवक से मारपीट, दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ।** फरधान थाना क्षेत्र के गांव बम्भनपुर में महिला ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट और उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बम्भनपुर निवासी चंद्रकली पत्नी छोटेलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 26 अप्रैल की रात उसके पुत्र सूरज को कोतवाली क्षेत्र में चौरठिया गांव के निकट रहीम नगर ग्रंट अहमदाबाद निवासी इश्तियाक अहमद और जावेद बेग ने घेरकर लाठी डंडों से मारा पीटा और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। मारपीट में वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पर्यवेक्षक ने किया बर्नेबल और क्रिटिकल बूथों का निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव पर्यवेक्षक आर सीतालक्ष्मी ने नगर और क्षेत्र के क्रिटिकल और बर्नेबल मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। कुछ मतदेय स्थलों पर अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। शनिवार दोपहर लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक आर सीतालक्ष्मी ने जलालपुर, भुड़वारा, मदनपुर, लक्ष्मणजती, लाल्हापुर सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कई मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्रों पर (एएमएफ) एश्योर मिनिमम फैसिलिटी जैसे आने वाले मार्गों, चारदीवारी, पेयजल व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दिल से बर्दाश्त नहीं हो रही तेज धूप और भीषण गर्मी, दे रहे दगा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- तीन दिन में पांच लोगों की मौत, हार्ट फेलियर का दावा
- गर्मी की तेज धूप में बढ़ती है हार्ट फेल की संभावना

**अमृत विचार:** पिछले तीन दिन में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। इनकी उम्र 26, 40 और 42 साल है। इनकी मौत का कारण हार्ट फेलियर होना बताया जा रहा है। हालांकि इन सबकी मौत की हकीकत पोस्टमार्टम कराने पर ही समने आती। मगर, डॉक्टर भी बताते हैं कि हार्ट फेलियर की वजह सिर्फ सर्दी ही नहीं, बल्कि भीषण गर्मी भी है। तेज गर्मी भी दिल के लिए मुसीबत बनकर हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।

आमतौर पर हार्ट अटैक के मामले सर्दी के दिनों में ज्यादा होते हैं। मगर, सच्चाई यह है कि सर्दी की ही तरह भीषण गर्मी भी दिल को मुसीबत में डाल सकती है।

तेज धूप और गर्म हवाएं स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन से लेकर दिल का दौरा की समस्या को उत्पन्न कर सकती है, जो जानलेवा भी हो सकती है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. रोहित पाठक बताते हैं कि लंबे समय तक धूप के संपर्क में रहने से हार्ट का दम बिगड़ने या सामान्य से तेज होने और शरीर में रक्त संचार धीमा पड़ने से हार्ट अटैक का खतरा गर्मी के मौसम में भी रहता है। मौसम का तापमान जितना गर्म होता है उतना ही शरीर को तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिसका सीधा असर दिल पर पड़ता है।

### तीन दिन में हार्ट अटैक से इनकी चली गई जान

- 26 अप्रैल- शहर निवासी भाजपा नेता के पुत्र अमिय त्रिपाठी
- 27 अप्रैल- शहर के सदर चौराहे पर सरदार होटल के पास चाय की दुकान करने वाले श्याम नरायन भल्ला
- 27 अप्रैल- मैलानी में वार्ड नंबर 9 के निवासी पंडित हरद्वारी लाल
- 28 अप्रैल- एफसीआई के टेक्निकल असिस्टेंट विष्णु शर्मा
- अप्रैल- सरकारी शिक्षक रियाजुद्दीन

### इसलिए गर्मियों में रहता है हार्ट अटैक का खतरा

गर्मियों में पसीना निकलता है जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ जाता है। शरीर में पानी की कमी होने से खून गाढ़ा होने लगता है, जिससे हृदय पर दबाव बढ़ता है और हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ ही गर्मियों में हार्ट को शरीर का टेम्परेचर मेंटेन करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। जिसकी वजह से वह खून को ठीक तरह पंप नहीं कर पाता, शरीर में रक्त संचार में बाधा आती है और हार्ट अटैक की संभावना बनी रहती है। पसीना ज्यादा आने से शरीर में सोडियम और पोटेशियम की कमी हो जाती है। यह इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी को भी प्रभावित करता है जिसकी वजह से अरिदमिया या दिल की धड़कन अनियमित होने की संभावना रहती है।



